भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1529** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **10 फरवरी**, 2023/21 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

समुद्री सुरक्षा

†1529. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और आसियान इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं और इस क्षेत्र में कुछ प्रगति करने में हमारे देश की सहायता की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें क्या प्रगति हुई है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): जी हां। विदेश मंत्रालय ने सूचित किया है कि भारत और आसियान देश, आसियान-भारत फ्रेमवर्क के अंतर्गत तथा विभिन्न आसियान आधारित तंत्रों के तहत समुद्री सुरक्षा पर कार्य कर रहे हैं। इनका विवरण निम्नानुसार दिया गया है:-

i. आसियान-भारत फ्रेमर्वक के अंतर्गत

भारत और आसियान देशों ने अक्तूबर, 2021 में 18 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए एओआईपी पर सहयोग हेतु आसियान- भारत संयुक्त कथन (जेएस) अपनाया है। इस संयुक्त कथन, में आसियान आउटलुक ऑन इंडो- पैस्फिक (एओआईपी) और इंडो-पैस्फिक ओशन्स इनिशिएटिव (आईपीओआई) के बीच सहयोग के कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है। संयुक्त कथन के रूप में, भारत और आसियान देशों ने मौजूदा सहयोग को बढ़ाने तथा समुद्री सुरक्षा को शामिल करते हुए समुद्री डोमेन के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं की तलाश करने का निर्णय लिया है।

ii. ईस्ट एशिया सम्मिट(ईएएस) मैकेनिजम के अंर्तगत

समुद्री सुरक्षा, ईएएस प्लान ऑफ एक्शन (2018-22) का महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इस प्लान के अंर्तगत, भारत समुद्री सुरक्षा पर नियमित रूप से ईएएस सम्मेलन आयोजित करता आ रहा है। इस सम्मेलन में, विभिन्न महत्वपूर्ण एवं समकालीन समुद्री सुरक्षा सहयोग संबंधी पहलुओं पर गहन चर्चा हेतु 18 ईएएस भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधि एक- साथ शामिल होते हैं। भारत ने अब तक 5 बार इस सम्मेलन आयोजन किया हैं।

iii. आसियान रीजनल फोरम (एआरएफ) के अंर्तगत

भारत को एआरएफ के साथ जुड़ाव के रूप में, भारत ने दिनांक 12 मई, 2022 को समुद्री सुरक्षा पर 13 वें एआरएफ अंतर-सत्रीय बैठक में सह-अध्यक्षता की है, और वर्ष 2022-23 के दौरान भारत में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय पोत एवं पत्तन सुविधा संबंधी सुरक्षा कोड (आईएसपीएस कोड) पर कार्यशाला की श्रृंखलाओं की भी सह-अध्यक्षता करेगा।

iv. आसियान डिफेन्स मिनिस्टर्स मीटिंग-प्लस (एडीएमएम-प्लस) बैठक के अंर्तगत

आसियान देशों रक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक (एडीएसओएम) द्वारा आसियान डिफेन्स मिनिस्टर्स मीटिंग-प्लस को सहयोग प्रदान किया जाता है। एडीएसओएम को 07 विशेषज्ञ कार्यकारी समूहों (ईडब्लूजी) के सहयोग से, जिसमें एक समुद्री सुरक्षा से संबंधित है, के द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। दिनांक 11 फरवरी, 2022 को समुद्री सुरक्षा पर 16 वीं एडीएमएम- प्लस विशेषज्ञों के कार्यकारी समूह की बैठक आयोजित की गई थी।

v. एक्स्पैन्डड आसियान मैरीटाइम फोरम (ईएएमएफ) के अंर्तगत

भारत ने मनीला, फिलीपीन्स में दिनांक 07 दिसंबर, 2022 को आयोजित एक्स्पैन्डड आसियान मैरीटाइम फोरम (ईएएमएफ) में भी भाग लिया और महत्वपूर्ण तथा साथ ही उभरती हुई समुद्री चुनौतियों के संबंध में सामूहिक चेतना को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से योगदान दिया है।

****